**उत्तर प्रदेश सरकार**
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001**

# सूचना / विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डी0वी0 / पी0एस0टी0) हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूचना का प्रकाशन।

संख्याःपीआरपीबी–बी (आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग) 07 / 2025 दिनांकःजुलाई 31, 2026

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 08, 09, 10 जून, 2026 को कुल 06 पालियों में आयोजित की गयी थी।

2– उक्त भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्रों तथा उत्तर कुंजी पर समस्त स्रोतों से प्राप्त आपत्तियों पर गहन विचार किया गया तथा आवश्यकतानुसार विषय विशेषज्ञों के एकाधिक पैनल से अभिमत भी प्राप्त किए गये। उपरोक्त कार्यवाही के आलोक में सभी आवश्यक संशोधन बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" पर उपलब्ध है। **अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपनी अन्तिम उत्तर कुंजी देख सकते हैं।**

3– उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा 06 पालियों में आयोजित किये जाने के कारण नियमावली के प्रावधानों व विज्ञप्ति में उल्लिखित प्रकिया के क्रम में प्राप्तांकों का प्रसामान्यीकरण करते हुए न्यूनतम अर्हकारी अंक (अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए 30%, ई0डब्ल्यू0एस0 अभ्यर्थियों के लिए 25%, अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के लिए 25%, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए 20%) प्राप्त करने में सफल अभ्यर्थियों में से अंकों की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0 राज्य के आरक्षण के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर श्रेणीवार विज्ञापित पदों के सापेक्ष लगभग 2.33 गुना कुल 76,184 अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु आहूत किया जा रहा है। इसमें समान कट–ऑफ अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया गया है।

4– अभ्यर्थीगण अपना परिणाम बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्मतिथि अंकित कर देख सकते है, जिसमें अभ्यर्थियों का परिणाम निम्नांकित विवरण (Caption) के अनुसार प्रदर्शित किया जा रहा हैः–

1) **"Congratulations! You are short listed for DV/PST"**– कट–ऑफ अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त होने के कारण डीवी / पीएसटी हेतु आहूत।

2) **"Sorry! You are not short listed for DV/PST"**–न्यूनतम अर्हता पूर्ण, परन्तु कट–ऑफ से कम अंक होने के कारण डीवी / पीएसटी हेतु आहूत नहीं।

3) **"Sorry! You have not qualified in written test"**–न्यूनतम अर्हकारी अंक (अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए 30%, ई0डब्ल्यू0एस0 अभ्यर्थियों के लिए 25%, अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों

5

के लिए 25%, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए 20% अंक) प्राप्त न करने के कारण अनर्ह।

4) **"You were absent in written test "**–लिखित परीक्षा में अनुपस्थित।

5– विभिन्न श्रेणी के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों का प्रसामान्यीकृत कट–ऑफ अंक निम्नवत हैं:–

| क0 सं0 | लम्बवत श्रेणी | कट ऑफ | क्षैतिज आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | होमगार्ड्स श्रेणी कट–ऑफ | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित श्रेणी कट–ऑफ | भूतपूर्व सैनिक श्रेणी कट–ऑफ | महिला श्रेणी कट–ऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 258.03661 | – | – | – | 255.84346 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 247.93434 | – | – | – | 247.35926 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 251.63020 | – | – | – | 249.27083 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 239.34407 | – | – | – | 236.31995 |
| 5 | अनुसूचित जन जाति | 220.10639 | – | – | – | 211.47988 |

**नोटः**–होमगार्ड्स, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को डीवी/पीएसटी हेतु आहूत किया गया है।

6– यदि अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) में प्रत्येक श्रेणी में अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थी सफल नहीं होते हैं, तो मेरिट के आधार पर उपयुक्त अतिरिक्त अभ्यर्थियों को डीवी/पीएसटी हेतु बुलाया जायेगा।

7– अर्ह अभ्यर्थियों के **अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) की कार्यवाही 17–08–2026** से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए स्थान, तिथि एवं समय की विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" पर शीघ्र प्रदर्शित की जायेगी।

8– अभिलेखों की संवीक्षा एवं **शारीरिक मानक परीक्षण में अर्ह अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) माह सितम्बर, 2026** में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

9– इस भर्ती का अन्तिम चयन परिणाम प्रकाशित होने के पश्चात अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा में प्राप्त प्रसामान्यीकृत अंक बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित लिंक के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी, जिसकी तिथि एवं प्रक्रिया से यथासमय अवगत कराया जायेगा।

10– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अतः इस विषय में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

11— यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है. फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

12— अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त किये जायेगें।

**पुलिस उपमहानिरीक्षक/अपर सचिव (भर्ती),**
**उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**